जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

(जन–सम्पर्क अनुभाग)

(प्रेस विज्ञप्ति)

'हर घर बिजली डिस्कॉम आपके द्वार'

रविवार 11 अक्टूबर को 516 शिविर आयोजित

शिविरों में 26161 घरेलू बिजली कनेक्शन जारी

जयपुर, 11 अक्टूबर । प्रदेश के विद्युतीकृत आबादी क्षेत्रों में बिजली की सुविधा से वंचित आवासों को घरेलू बिजली कनेक्शन देने के लिए 'हर घर बिजली डिस्कॉम आपके द्वार' अभियान के चतुर्थ एवं अंतिम चरण में रविवार 11 अक्टूबर, 2015 को पूरे प्रदेश में 516 शिविर आयोजित हुए। आज आयोजित शिविरों में 26161 घरेलू बिजली कनेक्शन शिविर स्थल पर ही जारी किए गए।

विद्युत वितरण निगमों के अध्यक्ष श्री भास्कर ए. सावंत ने बताया कि हर घर बिजली डिस्कॉम आपके अभियान के अन्तर्गत चतुर्थ एवं अंतिम चरण में रविवार 11 अक्टूबर, 2015 को तीनों विद्युत वितरण निगमों में आयोजित 516 शिविरों में घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए 72804 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 26161 आवेदकों को शिविर स्थल पर ही कनेक्शन जारी कर दिए गए है एवं शेष आवेदकों को आगामी एक पखवाड़े में फालोअप कार्यक्रम के अनुसार कनेक्शन जारी कर दिए जाएगें। फालोअप कार्यक्रम की सूचना आज आयोजित शिविरों स्थलों पर भी प्रदर्शित की गई है।

उन्होंने बताया कि रविवार 11 अक्टूबर, 2015 **जयपुर डिस्कॉम** में 'हर घर बिजली डिस्कॉम आपके द्वार' अभियान के तहत 185 शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 28081 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 10798 कनेक्शन शिविर स्थल पर ही जारी कर दिए गए है। **अजमेर डिस्कॉम** में 185 शिविर आयोजित हुए, इन शिविरों में 26412 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 5941 कनेक्शन जारी कर दिए गए हैं। इसी तरह **जोधपुर डिस्कॉम** में रविवार को आयोजित 146 शिविरों में 18311 प्राप्त आवेदनों में से 9422 कनेक्शन शिविर स्थल पर ही जारी कर दिए है।

———

प्रेस विज्ञप्ति संख्या– 306/2015